आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 02.03.2025   समय : 18.30 पीएम

- एशिया और प्रशांत क्षेत्र का थ्री आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम कल से जयपुर में–केन्द्रीय आवास और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर उद्घाटन करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–विरासत संरक्षण के साथ ही विकास को नए आयाम देने होंगे।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात में पशु बचाव केन्द्र वनतारा के दौरे पर।
- आईसीसी चैंपियंस पुरूष क्रिकेट ट्रॉफी में आज भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को जीत के लिए ढाई सौ रनों का लक्ष्य दिया।

000

जयपुर में कल से 5 मार्च तक होने वाले एशिया और प्रशांत क्षेत्र के थ्री आर यानि रिड्यूस, रियूज़ और रिसाइकल तथा सर्कुलर इकोनॉमी फोरम के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसमें 30 से अधिक देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इसमें विभिन्न सत्रों और चर्चाओं के माध्यम से एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन पर फोकस किया जाएगा। सर्कुलर इकोनॉमी में प्राकृतिक संसाधनों के दोहन को कम किया जाता है। फोरम का महत्वपूर्ण हिस्सा जयपुर डिक्लेरेशन होगा। इसे समापन के दिन अपनाया जाएगा। एक रिपोर्ट–

...............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज डूंगरपुर, बांसवाडा और पाली दौरे पर रहे। उन्होंने डूंगरपुर जिले के खेरमाल गांव में आयोजित श्री जाम्बुखण्ड भैरव मंदिर के जीर्णोद्वार महोत्सव में शिरकत की। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मंदिर सनातन संस्कृति की आत्मा है। श्री शर्मा ने कहा कि हमें विरासत, संरक्षण के साथ ही विकास को नए आयाम देने होंगे।

.....................

मुख्यमंत्री ने भैरव मंदिर में किये जा रहे जीर्णोद्धार की सराहना की। कार्यक्रम में जनजातीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी भी मौजूद रहे। इसके बाद मुख्यमंत्री बांसवाड़ा के त्रिपुरा सुंदरी मंदिर पहुंचे। उन्होंने पूजा अर्चना कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की। अब से कुछ ही देर पहले मुख्यमंत्री ने पाली में देसूरी पहुंचे। उन्होंने मांगलिया गुढा में ग्रामीणों से बातचीत की। मुख्यमंत्री एक धार्मिक समारोह में शामिल हो रहे हैं।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी दौरे पर हैं। श्री बिरला कई कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं। आज उन्होंने कोटा में शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की सहकारी सभा के कार्यक्रम शिरकत की। इस मौके पर श्री बिरला ने कहा कि आज के समय में तकनीकी संसाधन बढे हैं, लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति शिक्षक ही ला सकता है। नई पीढ़ी को तैयार करने में शिक्षक की भूमिका अहम होती है। उन्होंने कहा कि केवल भौतिक संसाधनों से नागरिकों का चरित्र निर्माण नहीं किया जा सकता।

................
लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सहकारिता आंदोलन ने दुनियाभर में बदलाव लाने का काम किया है। इनके माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव आया है और सूदखोरी से लोगों को मुक्ति मिली है।

000

प्रदेश में घुमंतू जाति के युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज जयपुर में घुमंतू जाति उत्थान न्यास की ओर से विशेष रोजगार मेला लगाया गया। इस दौरान युवाओं को अपना काम शुरू करने के लिए ई रिक्शा, सिलाई मशीन और अन्य संसाधन उपलब्ध करवाए गए। उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ भी इस अवसर पर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मेले का आयोजन घुमंतू जाति के युवाओं को स्वावलंबी बनाने की सार्थक पहल है।

......................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के जामनगर जिले के पशु बचाव केंद्र वनतारा के दौरे पर हैं। वनतारा लगभग तीन हजार एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ पशु बचाव, संरक्षण और पुनर्वास केंद्र है। श्री मोदी राज्य के तीन दिन के दौरे पर कल जामनगर पहुंचे। प्रधानमंत्री आज सोमनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे। वे गिर नेशनल पार्क के मुख्यालय सासन जायेंगे और श्री सोमनाथ न्यास की बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे। यह न्यास विश्व प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर का प्रबंधन संभालता है। प्रधानमंत्री कल एशियाई शेरों के निवास स्थल गिर नेशनल पार्क में सफारी पर निकलेंगे। वे वन्य जीवन से जुड़े राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर चर्चा के लिए सासन में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की सातवीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह बोर्ड वन्यजीवन और वनों के संरक्षण तथा विकास के लिए कार्य करता है। प्रधानमंत्री इस बोर्ड के अध्यक्ष हैं।

000

केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने देश में आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत बनाने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में केन्द्रीय भंडारण निगम–सीडब्ल्यूसी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है। निगम के 69वें स्थापना दिवस पर नई दिल्ली में अपने वीडियो संदेश में श्री जोशी ने कहा कि वर्ष वित्तीय 2023–24 के दौरान निगम ने 21 लाख वर्ग फुट से अधिक की अतिरिक्त भंडारण क्षमता विकसित कर सराहनीय काम किया है। उन्होंने कहा कि निगम की दालों, कपास और मूंगफली के भंडारण, परिचालन और ढुलाई के माध्यम से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना और प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के सफल कार्यान्वयन में बड़ी सहायता मिली है।

000

बीकानेर के नाल क्षेत्र में एक सड़क हादसे में चार युवकों की मृत्यु हो गई। घटना देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग–11 पर कार और दो मोटरसाइकिलों की टक्कर से हुई। इस दौरान तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य युवक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। उधर, बाड़मेर जिले में नेशनल हाईवे–68 पर कार और ट्रक की टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई।

000

प्रदेश में हाल ही में हुई आरएएस–प्री–परीक्षा में झुंझुनूं जिले के बलवंतपुरा गांव के एक परीक्षा केन्द्र के नौ परीक्षार्थियों को पेपर बहिष्कार करने पर आरपीएससी ने एक साल के लिए डीबार किया है। परीक्षा समन्वयक और एडीएम झुंझुनूं डॉ. अजय आर्य ने बताया कि परीक्षा केन्द्र सरस्वती बाल विद्या मंदिर सीनियर सैकंडरी स्कूल आगे की सभी परीक्षाओं के आयोजन के लिए ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही दो पर्यवेक्षकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की गई है।

000

नशा छोड़ो–जीवन जोड़ो साइकिल यात्रा आज पाली पहुंची। विभिन्न स्थानों पर यात्रा का स्वागत किया गया। एन.एस.यू.आई. की ओर से ये यात्रा निकाली जा रही है। इसके माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट कल सोजत में साइकिल यात्रा में शामिल होकर लोगों से नशा छोड़ने का आह्वान करेंगे।

000

श्रीगंगानगर में आज से पशु मेले की शुरूआत हुई। ये मेला तीन दिन चलेगा। इसमें पडोसी राज्य पंजाब और हरियाणा से भी बडी संख्या में पशुपालक शामिल हो रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि मेले में कृषि उपकरण भी प्रदर्शित किये गये हैं।

...............

प्रदेश के मौसम में अगले दो दिनों तक तापमान में खास बदलाव होने के आसार नहीं हैं। चार मार्च से उत्तरी हवाओं के असर से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री गिरावट की संभावना है। इस बीच, पश्चिमी विक्षोभ का असर कल भी जारी रह सकता है। इसके प्रभाव से श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और आस–पास के क्षेत्रों में गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। वहीं राज्य के बाकी हिस्सों में मौसम शुष्क रहेगा। इस बीच, आज कई स्थानों पर बादल छाए रहे। वहीं कुछ जगह तेज धूप के साथ हल्की गर्मी का अहसास हुआ।

000

आईसीसी चैंपियंस पुरूष क्रिकेट ट्रॉफी में आज भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से हो रहा है। दुबई स्टेडियम में दोपहर ढाई बजे से खेले जा रहे इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को जीत के लिए 250 रनों का लक्ष्य दिया है। भारतीय टीम ने 50 ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर 249 रन बनाए। भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही। पहले छह ओवर में ही दोनों सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और रोहित शर्मा पेवेलियन पहुंच गए। विराट कोहली भी 11 रन ही बना सके। श्रेयस अयर ने 79 रन जोडे। न्यूजीलैंड के मैट हेनरी ने पांच विकेट लिए।

000

.

राज्य सरकार, 10 मार्च से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद शुरू करेगी। ये प्रक्रिया 30 जून तक चलेगी। इसमें गेहूं का समर्थन मूल्य 2 हजार 425 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया।

000